समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026


# IND vs AFG तीसरा वनडे : प्रसिद्ध कृष्णा का पंजा, अफगानिस्तान 218 रन पर ढेर ; भारत के सामने 219 रन का लक्ष्य


Sanket Morankar



Published on 20 Jun 2026




भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज **प्रसिद्ध कृष्णा** ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान की पूरी टीम को **218 रन** पर समेट दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया को मुकाबला जीतने के लिए **219 रन** का लक्ष्य मिला है।

भारत पहले ही शुरुआती दो मुकाबले जीतकर सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमा चुका है। अब टीम इंडिया के पास तीसरा मैच जीतकर अफगानिस्तान का **क्लीन स्वीप** करने का सुनहरा मौका है।

प्रसिद्ध कृष्णा की घातक गेंदबाजी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने नई गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए शुरुआती झटके दिए और विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह बिखेर दिया।

प्रसिद्ध कृष्णा ने **8.2 ओवर मे सिर्फ 23 रन देकर 5 विकेट** अपने नाम किए और मैच के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

हशमतुल्लाह शाहिदी का शानदार शतक

अफगानिस्तान की ओर से कप्तान **हशमतुल्लाह शाहिदी** ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए **131 गेदों मे 102 रन** बनाए। उनकी पारी में **13 चौके और 1 छक्का** शामिल रहा।

उन्हें **अजमतुल्लाह उमरजई** का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने **56 गेदों पर 50 रन** बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए **105 रन** की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की।

इसके अलावा मोहम्मद नबी ने 21 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।

शुरुआती बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप

अफगानिस्तान को पहला झटका सिर्फ 5 रन के स्कोर पर लगा। इसके बाद रहमत शाह (5), इब्राहिम जादरान (11), दारविश रसूली (1), राशिद खान (5), एएम गजनफर (1) और फरीद अहमद मलिक (0) सस्ते में पवेलियन लौट गए।

भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने सबसे अधिक **5 विकेट** लिए। वहीं गुरनूर बरार, प्रिंस यादव और हर्ष दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके अलावा दो अफगान बल्लेबाज रन आउट हुए।

भारत के पास क्लीन स्वीप का मौका

तीन मैचों की वनडे सीरीज में पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त बना चुकी भारतीय टीम अब तीसरा मुकाबला जीतकर अफगानिस्तान का 3-0 से सफाया करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

अब सभी की निगाहें भारतीय बल्लेबाजों पर होंगी कि वे 219 रन का लक्ष्य हासिल कर सीरीज का शानदार समापन कैसे करते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.